पेज थ्री
देहरादून

सोबन सिंह जीना परिसर में ड्रग्स प्रकरण की जांच में देरी पर छात्र धरना देते हुए।




देहरादून मंगलवार 22 सितंबर 2020



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### काग्रेसियों ने प्रथम लाइन में कार्य कर रहे कर्मियों को सुरक्षा उपायों की जानकारी दी

**संवाददाता** देहरादून। वार्ड 78 के पार्षद रमेश कुमार मंग ने पूर्व विधायक राजकुमार, महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा के साथ कोरोना काल मे प्रथम लाइन में कार्य कर रहे एएनएम, आशा कार्यकर्ता और पोलियो अभियान के तहत कार्य कर रहे कर्मियों को सुरक्षा किट फेस शील्ड, गलब्स और सैनिटाइजर का वितरण कर जरूरी सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। इस मौके पर पूर्व प्रधान भारू वाला ग्रांट कुसुम वर्मा, पूर्व प्रधान वीरेन्द्र सिंह, गौतम वर्मा, कैन्ट प्रभारी सुभाष धस्माना आदि उपस्थित थे।

### विधानसभा में योग के विभिन्न क्रियाओं से कार्मिकों को अवगत कराया

**संवाददाता** देहरादून। प्रत्येक महा 21 तारीख को विधानसभा में योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है इसमे विधानसभा के कार्मिक प्रतिभा करते हैं। इस अवसर पर प्रसिद्ध योगाचार्य विपिन जोशी ने सोमवार को विधानसभा में योग के विभिन्न क्रियाओं से कार्मिकों को अवगत कराया । इस अवसर पर बताया गया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को संपूर्ण विश्व में आयोजित किया जाता हैं। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चंद अग्रवाल के प्रेरणा से उत्तराखंड विधानसभा में हर माह की 21 तारीख को योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित होता है।

### कृषि बिल का पुरजोर विरोध किया जायेगा

**संवाददाता** देहरादून। सर्वजन स्वराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. देवेश्वर भट्ट ने कहा है कि केन्द्र सरकार द्वारा हाल में पारित किये गये कृषि बिल का पुरजोर विरोध किया जायेगा और देश भर के किसानों को लामबंद किया जायेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा पारित किये गये कृषि बिलों से मंडियों की व्यवस्था खत्म होगी। उन्होंने कहा कि मंडियों में किसान अपने उत्पादों को बेचता है और जब मंडिया ही खत्म हो जायेगी तो वह कहां जायेगा।

### सीएचडी कैमिकल्स लिमिटेड ने बनाई क्षमता में विस्तार की योजना

**संवाददाता** देहरादून। कैमिकल्स तथा डाइज की मेन्युफेक्चरिंग, व्यापार तथा वितरण करने वाली, बीएसई में सूचीबद्ध सीएचडी कैमिकल्स लिमिटेड, (बीएसई कोड 539800) ने एक नई योजना साझा की है। इस योजना के अनुसार कम्पनी एक बड़े विस्तार की ओर कदम बढ़ा रही है, जिसमें प्लांट की क्षमता को बढ़ाने की दिशा में काम किया जाएगा। यह निर्णय हाल ही में भारतीय कम्पनियों की क्षमता के चौगुना होने के चलन को लेकर सामने आए डाटा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि इस चलन की गति के साथ बाजार में आगे बढ़ा जा सके।

# सरकारी अस्पतालों में तैनात नर्सों ने काली पट्टी बांधकर किया कार्य

### चेतावनी

■मांग: नर्सों को 5400 रुपये का प्रथम ग्रेड पे अनुमन्य किया जाए

■29 सितंबर तक उनका यह विरोध इसी तरह चलता रहेगा

**संवाददाता**



देहरादून। उत्तराखंड के सरकारी अस्पतालों में तैनात नर्सों ने सोमवार को काली पट्टी बांधकर कार्य किया। आगामी 29 सितंबर तक उनका यह विरोध इसी तरह चलता रहेगा। 30 सितंबर से उन्होंने बेमियादी कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है।

बता दें कि नर्सों ने 21 सितंबर को सामूहिक अवकाश का ऐलान किया था, लेकिन कोरोना के बढ़ते मामलों और उच्चाधिकारियों से सकारात्मक वार्ता के बाद अपना यह फैसला वापस ले लिया था। नर्सेज सर्विसेज एसोसिएशन की प्रांतीय अध्यक्ष मीनाक्षी जखमोला ने मांग की है कि नर्सों को 5400 रुपये का प्रथम ग्रेड पे अनुमन्य किया जाए। साथ ही केंद्र के समान नर्सों का पदनाम परिवर्तित किया जाए। कोरोनाकाल में ड्यूटी करने पर नर्सों का एक दिन का वेतन न काटा जाए और काटे गए वेतन को वापस किया जाए।

प्रांतीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी की रविवार को गांधी शताब्दी अस्पताल में बैठक हुई। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद भी वेतन कटौती वापस न लिए जाने पर नाराजगी जताई। डॉक्टरों ने कहा कि मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य सचिव और महानिदेशक ने उन्हें वेतन कटौती बंद करने सहित सभी मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक इस संदर्भ में कार्रवाई नहीं हुई है। कैबिनेट में भी इस मामले को नहीं रखा गया।

डॉक्टरों ने कहा कि यदि सरकार ने वेतन कटौती वापस नहीं ली और पीजी कर रहे एमबीबीएस चिकित्सकों को पूरा वेतन नहीं दिया गया तो उन्हें मजबूरन बुधवार से ओपीडी बहिष्कार शुरू करना पड़ेगा। उन्होंने मांगों पर जल्द कार्रवाई की मांग की।

प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. नरेश नपल्च्याल और महासचिव डॉ. मनोज वर्मा ने बताया कि जसपुर में चिकित्साधिकारी से अभ्रदता का मामला सुलझ गया है। इसके अलावा अस्पतालों में प्रशासनिक हस्तक्षेप रोकने संबंधी शासनादेश भी मिल गया है। साथ ही प्रशासनिक व विभागीय जांच को लेकर एसओपी बन चुकी है। पर डॉक्टरों की दो प्रमुख मांगें अब भी पूरी नहीं की गई हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने पीजी करने गए सरकारी डॉक्टरों को पूरा वेतन देने की घोषणा की थी, लेकिन इस पर अभी तक अमल नहीं हो पाया है। इसे बिना देरी लागू किया जाना चाहिए। इसी तरह 24 घंटे विषम परिस्थितियों में काम करने के बावजूद वेतन कटौती की जा रही है। जिसे तत्काल ही बंद किया जाना चाहिए।



### चिकित्सक 23 से करेंगे ओपीडी का बहिष्कार

सरकारी डॉक्टर आगामी 23 से 30 सितंबर तक ओपीडी का बहिष्कार करेंगे। इसके बाद भी मांगों पर कार्रवाई नहीं होती है तो 30 सितंबर को आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा।

# मसूरी विधायक पांच दिन के लिए हुए सेल्फ क्वारंटाइन

### चुनौती

■ संक्रमितों की बढ़ती संख्या से बेड, आइसीयू आदि की व्यवस्था कर पाना भी बड़ी चुनौती

देहरादून। **संवाददाता**



कोरोना संक्रमित व्यक्तियों के संपर्क में आने से मसूरी विधायक गणेश जोशी ने स्वयं को पांच दिन के लिए क्वारंटाइन कर लिया है। विधायक के पीआरओ मनोज जोशी ने बताया कि पिछले कई दिनों से लगातार कार्यक्रमों में उपस्थित रहने के कारण विधायक की कई ऐसे व्यक्तियों से मुलाकात हुई, जिनकी कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव निकली है। इसलिए एहतियात के तौर पर विधायक खुद क्वारंटाइन हो गए हैं। वह 25 सितंबर तक क्वारंटाइन रहेंगे। इस दौरान सभी कार्यक्रम और जनता मिलन कार्यक्रम स्थगित रहेंगे।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, निजी व सरकारी लैब से कुल 10970 सैंपल की जांच रिपोर्ट मिली। जिनमें 10092 सैंपल की रिपोर्ट निगेटिव है। जनपद देहरादून में सर्वाधिक 408 लोग संक्रमित मिले हैं। वहीं हरिद्वार में भी 176 लोग की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। पहाड़ से लेकर मैदान तक जिस तेजी से कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं, उसने सिस्टम की भी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। संक्रमितों की बढ़ती संख्या के मुताबिक बेड, आइसीयू आदि की व्यवस्था कर पाना भी बड़ी चुनौती साबित हो रहा है।

**855 मरीज डिस्चार्ज:** कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच सुकून सिर्फ इस बात का है कि हर दिन बड़ी संख्या में मरीज स्वस्थ होकर घर लौट रहे हैं। प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों व कोविड–केयर सेंटर से रविवार को भी 855 मरीज डिस्चार्ज किए गए हैं।

### मौत का आंकड़ा पांच सौ के करीब

कोरोना संक्रमितों की मौत का ग्राफ दिन–ब–दिन बढ़ता जा रहा है। अगस्त समाप्ति तक जहां प्रदेश में 269 मरीजों की मौत हुई थी, वहीं सितंबर में यह संख्या तेजी से बढ़ी है। रविवार को दस मरीजों की मौत के साथ मृतकों की संख्या 493 पहुंच गई है।

### सेब से भरा पिकअप वाहन नदी में गिरा, दो लोग घायल

**संवाददाता** विकासनगर। सेब से भरा पिकअप वाहन हथियारी से दो किलोमीटर आगे जुडो की ओर सड़क से सौ मीटर नीचे नदी में जा गिरा। पुलिस ने रेस्क्यू कर चालक और परिचालक को सीएचसी विकासनगर में भर्ती कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार को कोतवाली विकासनगर को सूचना मिली सेब से भरा पिकअप वाहन (यूके 07 सीबी 4286) हथियारी से दो किलोमीटर आगे जुडो की ओर सड़क से सौ मीटर नीचे नदी में गिर गया है। सूचना पर पुलिस उपाधीक्षक विकासनगर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक विकासनगर की ओर से चौकी प्रभारी डाकपत्थर के नेतृत्व में एक टीम तत्काल मौके पर रेस्क्यू के लिए रवान की गई। इस पर पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर पिकअप वाहन में घायल चालक दीपक राणा पुत्र विजेंदर निवासी रामगढ़ और परिचालक रूप सिंह (45 वर्ष) पुत्र रतन सिंह निवासी नेट नेटवार्ड पुरोला उत्घ्तरकाशी को 108 के माध्यम से सीएससी विकासनगर पहुंचाया गया।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।